अंतिम घरेलू हिंसा गिरफ्तारीआदेश

अपराध (घरेलू और व्यक्तिगत हिंसा) अधिनियम, 2007

आपको नीचे दिए गए आदेशों का पालन करना चाहिए। इन आदेशों का पालन न करना गैर-कानूनी होता है। पुलिस आपको गिरफ्तार कर सकती है, आप पर आरोप लगाया जा सकता है और आपको अदालत ले जाया जा सकता है। अगर अदालत द्वारा आपको दोषी पाया जाता है, तो आपको 2 सालों के लिए जेल हो सकती है और $5,500 तक का जुर्माना हो सकता है।

आप पर अभियोग लगाया जा सकता है और आपको अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए अदालत ले जाया जा सकता है। अगर आपको अदालत द्वारा दोषी पाया जाता है, तो आपको काफी अधिक सजा दी जा सकती है।

आपको इस आदेश पर दी गई तारीख तक इन आदेशों का पालन करना चाहिए।

इन आदेशों को नामित लोगों की रक्षा के लिए बनाया गया है।

भले ही इस आदेश में नामित संरक्षित व्यक्ति आपको इन आदेशों का पालन न करने के लिए कहे, फिर भी आपको इन आदेशों का पालन करना चाहिए। यदि आप निम्नलिखित कोई भी कार्य करने का प्रयास करते हैं, तो यह आदेशों की अवहेलना करने के कारण गैर-कानूनी होगा।

व्यवहार के बारे में आदेश

1. आपको संरक्षित व्यक्तियों, या ऐसे किसी भी व्यक्ति के साथ जिनसे उनका घरेलू रिश्ता है, निम्नलिखित में से कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए:

    A) उनपर हमला करना या उन्हें धमकी देना,
    B) उनका पीछा करना, उन्हें परेशान करना या उन्हें डराना, और
    C) जान-बूझ कर या लापरवाही से संरक्षित व्यक्ति के नियंत्रण में किसी भी संपत्ति को नष्ट करना या नुकसान पहुंचाना।

> उदाहरण के लिए:
> - आपको ये सब गतिविधियां व्यक्तिगत रूप से, किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से, या इलेक्ट्रॉनिक संचार और उपकरणों (उदाहरण के लिए, फोन, टेक्स्ट मेसेज, ईमेल, फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया, या जीपीएस ट्रैकिंग) के माध्यम से नहीं करनी चाहिए।
> - आपको ऐसा कुछ भी नहीं कहना या करना चाहिए जिससे संरक्षित व्यक्ति भयभीत महसूस करे, या उसे लगे कि आप उसका नुकसान कर सकते हैं या किसी तरह से उसकी चीजों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिसमें संयुक्त रूप से स्वामित्व वाली संपत्ति और पालतू जानवर शामिल हैं।

NSW Police Force
women's domestic violence court advocacy services
Legal Aid
Womens Domestic Violence Court Advocacy Services are funded by Legal Aid NSW
NSW GOVERNMENT | Justice

संपर्क के बारे में आदेश

2. आपको संरक्षित व्यक्तियों के पास नहीं जाना चाहिए या उनसे किसी भी तरह का संपर्क नहीं करना चाहिए, जब तक कि यह संपर्क एक वकील के माध्यम से न हो।

> उदाहरण के लिए:
> • आपको संरक्षित व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से (जैसे फोन, टेक्स्ट मेसेज,
> ईमेल, या फेसबुक अथवा अन्य सोशल मीडिया द्वारा) या किसी भी अन्य साधन से संपर्क नहीं करना चाहिए, जिसमें किसी और व्यक्ति से उन्हें संपर्क करने के लिए आग्रह करना शामिल है।
> • यदि संरक्षित व्यक्ति आपसे संपर्क करे और आप उत्तर दें, और भले ही कितनी बार या किसी भी कारण से वह आपसे संपर्क करे, आप इस आदेश की अवहेलना कर रहे होंगे।

3. आपको निम्नलिखित स्थानों पर नहीं जाना चाहिए:

A) स्कूल या ऐसी कोई भी अन्य जगह जहां संरक्षित व्यक्ति पढ़ने के लिए जाता हो,
B) ऐसी कोई भी जगह जहां वह शिशु-देखभाल के लिए जाता हो, या
C) आदेश में सूचीबद्ध कोई भी अन्य जगह।

> उदाहरण के लिए:
> • आपको व्यक्तिगत रूप से इन स्थानों पर नहीं जाना चाहिए,
> • इसका मतलब यह भी है कि आप स्कूल के समारोह, स्कूल के किसी विशेष कार्यक्रम या स्कूल में माता-पिता शिक्षक रात्रि भेंट में नहीं जा सकते हैं।

4. आपको शराब पीने या अवैध मादक-पदार्थ का सेवन करने के कम से कम 12 घंटे बाद तक संरक्षित व्यक्ति के पास नहीं जाना चाहिए या उसके नजदीक नहीं होना चाहिए।

> उदाहरण के लिए:
> • आपको शराब पीने या अवैध मादक-पदार्थ का सेवन करने के कम से कम 12 घंटे बाद तक संरक्षित व्यक्ति के पास नहीं जाना चाहिए या उसके नजदीक नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपने रात के 9 बजे आखिरी ड्रिंक लिया है, तो आप उसके पास, उसके घर के पास या उसके कार्यस्थल पर अगले दिन सुबह के 9 बजे तक नहीं जा सकते हैं। यदि आप एक साथ रहते हैं, तो इसका मतलब यह है कि आपको 12 घंटों के लिए कहीं और रहना होगा।
> • आपको संरक्षित व्यक्ति के साथ शराब नहीं पीना चाहिए या अवैध मादक-पदार्थ नहीं लेने चाहिए।
> • भले ही वह आपको जाने न दे, फिर भी आपको दूर रहना चाहिए।

5. जब तक अदालत ने आपको आदेश न दिया हो, तब तकआपको संरक्षित व्यक्ति को खोजने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

> उदाहरण के लिए:
>
> • आपको इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम (उदाहरण के लिए, फोन, ईमेल, टेक्स्ट मेसेज, या फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया द्वारा), इंटरनेट या किसी अन्य व्यक्ति से संरक्षित व्यक्ति की स्थिति के बारे में पूछकर उसे खोजने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

परिवारिक कानून और बच्चों के पालन-पोषण के बारे में आदेश

6. आपको संरक्षित व्यक्ति के पास नहीं जाना चाहिए या उसके साथ किसी भी तरह से संपर्क नहीं करना चाहिए, जब तक यह:

☐A) एक वकील के माध्यम से न हो, या

☐B) मान्यता प्राप्त या अदालत से मंज़ूरी दिया गया परामर्श, मध्यस्थता और/या सुलह न हो, या

☐C) बच्चे/बच्चों के साथ संपर्क के बारे में इस अदालत या किसी अन्य अदालत द्वारा आदेशित न किया गया हो,

या

☐D) बच्चे/बच्चों के साथ संपर्क के बारे में आपके या माता या पिता के बीच लिखित सहमति से न हो, या

☐E) बच्चे/बच्चों के साथ संपर्क करने के लिए आपके और माता या पिता और बच्चे/बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी वाले व्यक्ति के बीच लिखित रूप में सहमति से न हो।

> उदाहरण के लिए:
>
> • आपको संरक्षित व्यक्ति के पास नहीं जाना चाहिए या व्यक्तिगत रूप से उसके साथ संपर्क नहीं करना चाहिए या इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से (जैसे फोन, टेक्स्ट मेसेज, ईमेल, या फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया द्वारा) या किसी भी अन्य साधन से संपर्क नहीं करना चाहिए, और किसी अन्य व्यक्ति से उसे संपर्क करने के लिए नहीं कहना चाहिए।
>
> • यदि संरक्षित व्यक्ति आपसे संपर्क करता है और आप उत्तर देते हैं, भले ही वह कितनी बार या किसी भी कारण से आपसे संपर्क करें, आप इस आदेश की अवहेलना कर रहे होंगे और आपको अदालत ले जाया जा सकता है।
>
> • यदि आपके ऊपर एक पारिवारिक कानून आदेश या अपने बच्चे/बच्चों की देखभाल से संबंधित अदालत का कोई भी आदेश हो, तो आपको संदेह की स्थिति में एक वकील से यह पता करने के लिए संपर्क करना चाहिए कि आप क्या और क्या नहीं कर सकते हैं।
>
> B) के लिए: पारिवारिक कानून के मामलों में, मान्यता-प्राप्त का मतलब है कि पारिवारिक कानून अधिनियम 1975 के तहत मान्यता-प्राप्त।
>
> (E) के लिए: उदाहरण के लिए, यदि आपका और संरक्षित व्यक्ति का कोई बच्चा है/बच्चे हैं, लेकिन आपके बच्चे/बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी किसी अन्य व्यक्ति के ऊपर है, तो आपको बच्चे/बच्चों के साथ संपर्क के लिए उस व्यक्ति का भी लिखित समझौता प्राप्त करना चाहिए। वह अन्य व्यक्ति परिवार और सामुदायिक सेवाओं के मंत्री का एक प्रतिनिधि, एक अदालती आदेश के तहत कानूनी अभिभावक, या दत्तक माता या पिता हो सकता है।

आप कहां नहीं जा सकते हैं, इसके बारे में आदेश

7. आपको

A) संरक्षित व्यक्ति के पते पर, या

B) आदेश में सूचीबद्ध किसी जगह पर

नहीं रहना चाहिए।

> उदाहरण के लिए:
> • यदि आप इस पते पर रह रहे हैं और आपको अपना सामान लेने की जरूरत है, तो आप अपनी संपत्ति वापस लेने के लिए अदालत में एक आदेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसे संपत्ति वसूली आदेश कहा जाता है, या आप पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

8. आपको किसी ऐसी जगह पर नहीं जाना चाहिए, जहां:

A) संरक्षित व्यक्ति रहता है, या

B) जहां वह काम करता है, या

C) जो आदेश में सूचीबद्ध हो।

> उदाहरण के लिए:
> • आपको उन स्थानों की सीमा के अंदर जाने की अनुमति नहीं है।
> • यदि आप पहले इस पते पर रहे हैं और आपको अपना सामान ले जाने की जरूरत है, तो आप अदालत में एक संपत्ति वसूली आदेश के लिए आवेदन कर सकते हैं या पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

9. आपको उन स्थानों पर आदेश में उल्लेख किए गए मीटर के अंदर नहीं जाना चाहिए:

A) जहां संरक्षित व्यक्ति रहता है, या

B) जहां वह काम करता है, या

C) आदेश में सूचीबद्ध कोई अन्य जगह।

> उदाहरण के लिए:
> • आपको उन स्थानों की सीमा के 100 मीटर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है।
> • यदि आप पहले इस पते पर रहे हैं और आपको अपना सामान ले जाने की जरूरत है, तो आप अदालत में एक संपत्ति वसूली आदेश के लिए आवेदन कर सकते हैं या पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

हथियारों के बारे में आदेश

10. आपके पास हथियार निषेध अधिनियम 1998 में सूचीबद्ध कोई भी आग्नेयास्त्र या हथियार नहीं होना चाहिए।

उदाहरण के लिए:

- आपको हथियार निषेध अधिनियम 1998 में सूचीबद्ध अपने सभी आग्नेयास्त्रों और हथियारों को पुलिस को दे देना चाहिए।
- इन्हें अपने पास रखना एक अलग से अपराध होता है। यदि आप किसी हथियार को अपने पास रखने के बारे में निश्चित न हों, तो पुलिस अधिकारी से पूछें।

अन्य आदेश

11. पुलिस या अदालत आपके या आपके परिवार के लिए अन्य आदेश बना सकते हैं।

अधिकांश संबंधों में भय, नियंत्रण या हिंसा नहीं होती है। आपके कार्य अस्वीकार्य हैं। अब आपके ऊपर यह आदेश लगाया गया है जिसका आपको पालन करना होगा। यह आदेश एनएसडब्ल्यू पुलिस कंप्यूटर तंत्र में दर्ज है।

घरेलू हिंसा सभी को प्रभावित करती है और इससे सभी को चोट पहुंचती है। जब बच्चे घर में हिंसा होते हुए देखते हैं, तो उनके अवसाद, चिंता और आक्रामकता से ग्रस्त होने की संभावना बहुत अधिक बढ़ जाती है, और उन्हें स्कूल में कठिनाई हो सकती है।

यह आपके पास एक बदलाव लाने का अवसर है।

यदि आप अपनी भावनाओं या तनाव का प्रबंधन करने के बारे में किसी से बात करना चाहते हैं, तो सहायता उपलब्ध है। निम्नलिखित को कॉल करें:

- 1300 766 491 पर मेन्स रेफरल सर्विस
- 1300 364 277 पर रिलेशनशिप्स ऑस्ट्रेलिया
- 1300 1300 52 पर दि पैरेंट लाइन।

अंतिम घरेलू हिंसा गिरफ्तारीआदेश

अपराध (घरेलू और व्यक्तिगत हिंसा) अधिनियम, 2007

यदि आप इस आदेश का पालन नहीं करते हैं:

- तो आपको अधिकतम 2 सालों के लिए जेल हो सकती है और $5,500 तक का जुर्माना हो सकता है।
- आप पर अन्य आपराधिक गतिविधियों का आरोप लगाया जा सकता है और आपको अदालत में ले जाया जा सकता है (उदाहरण के लिए, हमला या धमकी देने के लिए), और साथ ही इस आदेश की अवहेलना करने के लिए भी अदालत ले जाया जा सकता है। आप पर अभियोग लगाया जा सकता है और आपको अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए अदालत ले जाया जा सकता है। यदि अदालत इन अपराधों के लिए आपको दोषी करार देती है, तो आपके ऊपर काफी ज्यादा दंड लगाया जा सकता है, जैसे जेल में और अधिक समय।

हथियार निषेध अधिनियम 1998 की सूची के तहत निषेध किए गए सभी आग्नेयास्त्रों और हथियारों को संबंधित लाइसेंस और पर्मिटों के साथ तत्काल पुलिस के पास ले जाएं। यदि आप इनमें से किसी भी हथियार को अपने पास रखते हैं, तो आप इस आदेश का उल्लंघन कर रहे होंगे और आप पर अन्य आपराधिक गतिविधियों का आरोप भी लगाया जा सकता है।

यदि आपके पास इस आदेश के बारे में कोई भी सवाल हैं, तो आप निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं:

- वकील से
- फोन नंबर (02) 9219 5000 पर लीगल एड एनएसडब्ल्यू से
- स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क करके घरेलू हिंसा संपर्क अधिकारी के लिए पूछें (यदि आप संरक्षित व्यक्ति हों)
- फोन नंबर 1300 888 529 या www.lawaccess.nsw.gov.au पर लॉ एक्सेस एनएसडब्ल्यू से
- फोन नंबर 131 450 या www.tisnational.gov.au पर दुभाषिया सेवाओं से।